## जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 06.12.2023 को आहूत बैठक का कार्यवृत।

दिनांक 06.12.2023 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहे :-

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री जुनैद अहमद | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री जे.के. गुप्ता | अधीक्षण अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि./यां.)उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 3 | श्री सुनील कुमार | जिला विकास अधिकाकारी, झाँसी। |
| 4 | श्री जगदीश राम गौतम | जिला पंचायत राज अधिकारी, झाँसी। |
| 5 | श्री राज नारायण | क्षेत्रीय वनाधिकारी, झाँसी। |
| 6 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 7 | श्री उमेश कुमार | अधिशासी अभियन्ता, बेतवा प्रखण्ड, सिंचाई विभाग, झाँसी। |
| 8 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 9 | श्री प्रदीप कुमार जादौन | सहा0 अभि0. झाँसी डिवीजन जल संस्थान, झाँसी। |
| 10 | श्री राजेश गुप्ता | डिप्टी टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 11 | श्री फैजल सलामत | डिप्टी टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 12 | श्री आर.एल. रमेश | डी.जी.एम., एन.सी.सी., झाँसी। |
| 13 | श्री लक्ष्मीनारायण | जनरल मैनेजर, वी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 14 | श्री विशाल सिंह | यूनिप्रो टेक्नो इन्फ्रा, झाँसी। |
| 15 | श्री ओ.वी.एस.एस. मूर्ति | जनरल मैनेजर, आई.एच.पी., झाँसी। |
| 16 | श्री सुभाष विश्नोई | प्रोजेक्ट मैनेजर, दारा इंजीनियरिंग, झाँसी। |
| 17 | | |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :-

- **जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा।**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है, जिनके कार्यों की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :-

गुलारा ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजनान्तर्गत 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 07 नग ओवर हैड टेंक, 04 नग सी.डब्लू.आर., 7.225 किमी. रॉ-वाटर राईजिंग मेन, 74.130 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 213.671 किमी. वितरण प्रणाली तथा 11437 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेंक, सी.डब्लू.आर., रॉ-वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 223.296 किमी. वितरण प्रणाली बिछाने तथा 11437 नग गृह संयोजनों का कार्य करते हुये योजना में सम्मिलित 42 ग्रामों में 10997 नग गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। शेष कार्य प्रगति पर है।

बबावली ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजनान्तर्गत 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 07 नग ओवर हैड टेंक, 04 नग सी.डब्लू.आर., 5.200 किमी. रॉ-वाटर राईजिंग मेन, 56.008 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 201.224 किमी. वितरण प्रणाली तथा 11549 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष

Scanned with OKEN Scanner

इन्टेक वैल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टैक, सी.डब्लू.आर., रॉ-वाटर राइजिंग मेन, क्लीयर वाटर राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली पाइप लाईन बिछाने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 11549 नग गृह संयोजनो का कार्य करते हुये योजना में सम्मिलित 37 ग्रामों में 9899 नग गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। शेष कार्य प्रगति पर है।

**<u>तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना</u>** :- योजनान्तर्गत 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 05 नग ओवर हैड टैक, 04 नग सी.डब्लू.आर., 3.112 किमी. रॉ-वाटर राईजिंग मेन, 36.014 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 209.058 किमी. वितरण प्रणाली तथा 6725 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वैल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टैक, सी.डब्लू.आर., रॉ-वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 208.008 किमी. वितरण प्रणाली बिछाने तथा 6725 नग गृह संयोजनो का कार्य करते हुये योजना में सम्मिलित 25 ग्रामो में 6610 नग क्रियाशील गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना के समस्त 25 ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में सम्मिलित ग्रामों में से कुछ ग्रामों में ऊंचाई वाले भाग में स्थित कुछ घरो में पेयजल की आपूर्ति नही हो पा रही है, जिसका मुख्य कारण ग्राम के नीचले भाग में स्थित घरों में लगे गृह संयोजनों के नल लगातार खुले रहना है, जिसके समाधान हेतु आवश्यकतानुसार पाइप लाइन में वाल्व लगवाने तथा ग्रामवासियों को पेयजल की बर्बादी रोकने के लिये जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि योजनान्तर्गत सम्मिलित समस्त ग्रामों के प्रत्येक घर को पर्याप्त मात्रा में पेयजल प्राप्त हो सकें।



**<u>बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना</u>** :- योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 14 नग ओवर हैड टैक, 8 नग सी.डब्लू.आर., 14.450 किमी. रॉ-वाटर राईजिंग मेन, 146.675 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 699.673 किमी. वितरण प्रणाली तथा 26650 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओ वर हैड टैक, सी.डब्लू.आर., रॉ-वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 664.390 किमी. वितरण प्रणाली बिछाने तथा 26350 नग गृह संयोजनों का कार्य करते हुये योजना में सम्मिलित 59 ग्रामों में 24910 नग क्रियाशील गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना के 57 ग्रामो में जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजना के समस्त निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है। योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामों में बिछाई गयी पाईप लाइन में कुछ स्थानो पर लीकेज होने होने के कारण जलापूर्ति बाधित थी, जिन्हे सही कराते हुये तथा आवश्यक स्थानो पर आईसोलेशन वाल्व लगाते हुये पेयजल आपूर्ति सुचारू की जा रही है।

**<u>इमलौटा</u>** <u>ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :- योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 13 नग ओवर हैड टैक, 08 नग सी.डब्लू.आर., 4.250 किमी. रॉ-वाटर राईजिंग मेन, 112.060 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 654.

Scanned with OKEN Scanner

019 किमी. वितरण प्रणाली तथा 32259 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक इन्टेक वेल–95%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–80%, 13 नग ओवर हैड टेंक–77%, 8 नग सी.डब्लू.आर.–80%, 4.250 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 120.250 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 652.500 किमी. वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 1150 नग गृह संयोजनो के माध्यम से योजना में सम्मिलित कुल 87 ग्रामों में से 08 ग्रामों में आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। शेष कार्य प्रगति पर है।

<u>टेहरका–चरखारी ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 2 नग इन्टेक वेल, 2 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 27 नग ओवर हैड टेंक, 20 नग सी.डब्लू.आर., 5.12 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 188.275 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1239.45 किमी. वितरण प्रणाली तथा 54860 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 02 नग इन्टेक वेल–95%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–80%, 27 नग ओवर हैड टेंक–70%, 20 नग सी.डब्लू.आर.–80%, 5.400 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 247.47 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1243.00 किमी. वितरण प्रणाली, 53208 नग एच.टी.सी. (अक्रियाशील एफ.एच.टी.सी.) कार्य पूर्ण किया जा चुका है। टेहरका ग्रा.स.पे.यो. में 860 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 04 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। शेष कार्य प्रगति पर है।

<u>कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 14 नग ओवर हैड टेंक, 11 नग सी.डब्लू.आर., 1.732 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 153.469 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 541.130 किमी. वितरण प्रणाली तथा 29406 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेंक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन, क्लीयर वाटर राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। योजना में प्रस्तावित 29406 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 29406 नग गृह संयोजन का कार्य कराते हुये योजना में सम्मिलित 74 ग्रामों में से 73 ग्रामों में 25806 नग क्रियाशील गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। शेष कार्य प्रगति पर है।



<u>पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 6 नग ओवर हैड टेंक, 3 नग सी.डब्लू.आर., 2.250 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 48.875 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 217.975

Scanned with OKEN Scanner

किमी. वितरण प्रणाली तथा 12762 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली पाइन लाईन विछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित 12762 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष समस्त गृह संयोजनों को पूर्ण करते हुये योजनान्तर्गत समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है मात्र 45 नग गृह संयोजनों का कार्य अवशेष है, जिस एक सप्ताह में पूर्ण कराते हुये योजनान्तर्गत शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

**बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 9 नग ओवर हैड टेक, 5 नग सी.डब्लू.आर., 2.506 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 81.317 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 342.674 किमी. वितरण प्रणाली तथा 15848 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली पाइन लाईन विछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। योजना में प्रस्तावित गृह संयोजनों के सापेक्ष 15848 नग गृह संयोजन का कार्य कराते हुये योजना में सम्मिलित 58 ग्रामों में से 57 ग्रामों में 14666 नग क्रियाशील गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। शेष कार्य प्रगति पर है।



जिलाधिकारी महोदय द्वारा इमलौटा, बरथरी–टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजना के निर्माण कार्यों में प्रगति न होने पर रोष व्यक्त किया गया तथा योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक, श्री लक्ष्मीनारायण को निर्देशित किया गया कि श्रमिकों एवं मशीनरी के संख्या बढ़ाते हुये योजना के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। ताकि शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये जनपद झाँसी के समस्त 08 विकास खण्डों के प्रत्येक परिवार को "हर घर जल" से लाभान्वित किया जा सकें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्मो के परियोजना प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी/काटी गई सडकों को अवलिम्ब पुर्नस्थापित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाआन्तर्गत पाईप लाइन बिछाने हेतु खोदी/काटी गई सडकों का विभागवार (जिस विभाग के नियंत्रणाधीन सडक को खोदा/काटा गया) विवरण उपलब्ध कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया, ताकि सम्बन्धित विभाग से अनुबन्धित फर्मो द्वारा पुर्नस्थापित की गयी सडकों का सत्यापन कराते हुये वास्तविक स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा सकें।

जनपद झाँसी में निर्माणाधीन जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड की जलापूर्ति हेतु निर्माणाधीन योजना के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित इन्टेक वेल कार्य 75 प्रतिशत, 350 मिमी. व्यास की रॉ–वाटर राईजिंग मेन

Scanned with OKEN Scanner

बिछाने का कार्य 60 प्रतिशत, 1300 किली. क्षमता के आर.डब्लू.आर. कम पम्प हाउस का निर्माण कार्य 40 प्रतिशत, 1.50 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का कार्य 25 प्रतिशत, 650 किली. क्षमता की स्वच्छ जलाशय का कार्य 50 प्रतिशत तथा वाटर वर्क्स कैम्पस की बाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है तथा योजना के अवशेष कार्यों को योजना के पूर्ण होने की निर्धारित तिथि के अन्दर ही पूर्ण करा लिया जायेगा।

इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन के अन्तर्गत रेट्रोफिटिंग/पुर्नगठन/नई योजनान्तर्गत 04 पैकेजों में निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करा लिया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि रेट्रोफिटिंग कार्यों हेतु निर्माणाधीन एकल ग्राम पेयजल योजनाओं को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित करने से पूर्व योजना की क्रियाशीलता की पूर्ण टेस्टिंग एवं सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के उपरान्त ही योजनायें सम्बन्धित ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित की जायें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद झाँसी में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित रनगुवां ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित बछेरा एवं पचार ग्राम सहित अन्य सभी ग्रामों में पाईप लाइन बिछाने हेतु खोदी गई सड़कों को शीघ्र पुर्नस्थापित कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप लाइन बिछाने हेतु अनुबन्धित फर्म द्वारा लगभग 2½ वर्ष पूर्व सड़कों को खोदा गया गया, जिन्हें वर्तमान तक फर्म द्वारा पुर्नस्थापित नही कराया गया है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामों में खोदी गई सड़कों को अविलम्ब पुर्नस्थापित करने के लिये फर्म को नोटिस जारी करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिये गये। साथ ही यह निर्देश दिये गये कि यदि अनुबन्धित फर्म सड़कों की पुर्नस्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण नही कराया जाता है, तो फर्म के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद झाँसी में अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (प्रथम चरण) के लगभग समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके है, जिसमें बरुआ बेसिन योजना के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है तथा झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (द्वितीय चरण) के कार्य पूर्ण होने के उपरान्त समस्त जोनों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी तथा दिसम्बर-2023 योजना में प्रस्तावित 195 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ प्रारम्भ कर दी जायेगी।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

अनुमोदित

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

जिलाधिकारी, झाँसी।
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।

पत्रांक-2726/M-26/ एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2023/7 2 5   दिनाँकः 15 दिसम्बर, 2023

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।

2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।

3– मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी।

4– समस्त सम्बधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

Scanned with OKEN Scanner